भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1328
06 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

रायगढ़ा में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना

†1328. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ओडिशा के रायगढ़ा जिले में एक सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है या करने पर विचार कर रही है जो कि सर्वाधिक पिछड़े और जनजातीय बहुल जिलों में से एक है और जहां चिकित्सकों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखभाल की भारी कमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को उक्त चिकित्सा महाविद्यालय के लिए ओडिशा राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इस संबंध में भूमि की पहचान, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), सांविधिक स्वीकृतियों और केन्द्रीय वित्तपोषण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार प्रस्तावित रायगढ़ा सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय का नाम स्वर्गीय श्री रामचन्द्र उलाका, एक महान जनजातीय नेता और शिक्षाविद् के नाम पर रखने पर विचार करेगी, जिन्होंने ओडिशा में जनजातीय समुदायों के लिए स्कूली शिक्षा में क्रांति ला दी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार के पास रायगढ़ा सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय को चालू करने के लिए कोई समयबद्ध रूपरेखा है ताकि रायगढ़ा, कोरापुट और पड़ोसी जनजातीय जिलों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण तृतीयक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सके, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से सहबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है जिसमें उन अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है जहां कोई सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज मौजूद नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि साझाकरण तंत्र पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में है जबकि अन्य राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के तहत, ओडिशा के 7 मेडिकल कॉलेजों (बालासोर, बारीपाड़ा (मयूरभंज), बोलंगीर, कोरापुट, पुरी चरण-I, जाजपुर चरण-II और कालाहांडी चरण-III) सहित सभी परिकल्पित 157 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को तीन चरणों में मंजूरी मिल चुकी है। ओडिशा के सभी 07 मेडिकल कॉलेज कार्यशील हैं। तथापि, ओडिशा राज्य के रायगड़ा में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****